POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 26.08.2023

1.थाना सेक्टर-63, नोएडा पुलिस द्वारा अवैध हथियार के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार ।

घटनाक्रम का विवरण-- दिनांक 26/08/2023 को थाना सेक्टर-63 पुलिस द्वारा अवैध हथियार के साथ अभियुक्त धर्मेंद्र पुत्र चमन सिंह को सेक्टर 63-ए के गेट नंबर-1 के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर मय 01 जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया है । अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है जिसके द्वारा अवैध हथियार रखकर थाना क्षेत्र व एनसीआर क्षेत्र में चोरी/लूट की घटना कारित की जाती है ।

अभियुक्त का विवरण--

1. धर्मेंद्र पुत्र चमन सिंह निवासी गली नंबर-15, शेरगढ़ी, थाना मेडिकल कॉलेज, जनपद मेरठ वर्तमान पता सतवीर का मकान, सेक्टर-63ए, थाना सेक्टर-63, गौतमबुद्धनगर।

आपराधिक इतिहास का विवरण--

1. मु0अ0सं0 392/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सेक्टर-63, गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0 677/2020 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मेडीकल कॉलेज, जिला मेरठ।
3. मु0अ0सं0 455/2022 धारा 414 भादवि थाना सेक्टर-113, गौतमबुद्धनगर।
4. मु0अ0सं0 445/2022 धारा 380/411 भादवि थाना सेक्टर-113, गौतमबुद्धनगर।
5. मु0अ0सं0 462/2019 धारा 392/411 भादवि थाना सिविल लाईन, जनपद मेरठ।
6. मु0अ0सं0 487/2019 धारा 414 भादवि थाना सिविल लाईन, जनपद मेरठ।
7. मु0अ0सं0 02/2018 धारा 13 जी एक्ट थाना मेडीकल कॉलेज, जनपद मेरठ।
8. मु0अ0सं0 86/2018 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना मेडीकल कॉलेज, मेरठ।
9. मु0अ0सं0 430/2017 धारा 13जी एक्ट थाना मेडीकल कॉलेज, जनपद मेरठ।
10. मु0अ0सं0 467/2020 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना मेडीकल कॉलेज, जनपद मेरठ।

बरामदगी का विवरण--

1. एक अवैध तमंचा .315 बोर मय 01 जिंदा कारतूस .315 बोर

2.थाना सेक्टर-63, नोएडा पुलिस द्वारा तीन फर्जी ऑटो के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार किया गया ।

घटनाक्रम का विवरण-- दिनांक 26/08/2023 को थाना सेक्टर-63 पुलिस द्वारा गोपनीय सूचना के आधार पर अभियुक्त कय्यूम पुत्र स्व0 नईम को सेक्टर-62 गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से तीन फर्जी ऑटो 1.रजि नं0 यूपी 14 ईटी 1284 2. यूपी 14 ईटी 0982 3. यूपी 14 ईटी 4432 बरामद हुए है। अभियुक्त कय्यूम द्वारा चोरी किये गये ऑटो के पार्ट्स बदलकर फर्जी तरीके से ऑटो को थाना क्षेत्र व एनसीआर क्षेत्र में लोगों को बेचे व चलाये जा रहे थे। जिसको चेकिंग के दौरान थाना सेक्टर-63 पुलिस द्वारा 03 फर्जी ऑटो के साथ गिरफ्तार किया गया है।

अभियुक्त का विवरण--

1. कय्यूम पुत्र स्व0 नईम निवासी अखाडा वाला 30 फुटा, नियर शिव मन्दिर, गली नं0-11, अशोक विहार, थाना लोनी कोतवाली, जिला गाजियाबाद उम्र 30 वर्ष।

आपराधिक इतिहास का विवरण--

1. मु0अ0सं0 394/2023 धारा 420,414 भादवि थाना सेक्टर-63, गौतमबुद्धनगर।

बरामदगी का विवरण--

1. 03 फर्जी आटो 1.रजि नं0 यूपी 14 ईटी 1284 2. यूपी 14 ईटी 0982 3. यूपी 14 ईटी 4432

3.थाना बीटा-2 पुलिस द्वारा दुपहिया वाहन चोरी करने वाले एक अभियुक्त को फर्जी नम्बर प्लेट लगी चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

घटनाक्रम का विवरण-- दिनांक 25/26.08.2023 की रात्रि में थाना बीटा-2 पुलिस द्वारा गोपनीय सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान अभियुक्त कपिल पुत्र भीमराज को नट मढैया गोलचक्कर, थाना क्षेत्र बीटा-2 से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से एक फर्जी नम्बर प्लेट लगी चोरी की मोटरसाइकिल स्पलेंडर नम्बर यूपी 37 एन 6093 बरामद की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त कपिल शातिर किस्म का वाहन चोर है, जिसके द्वारा करीब 01 वर्ष पूर्व थाना सिम्भावली जिला हापुड से स्पलेंडर मोटरसाइकिल को चोरी करने की घटना को अंजाम दिया गया था जिसके सम्बन्ध में वादी द्वारा थाना सिम्भावली जिला हापुड पर मु0अ0सं0 78/2022 धारा 379 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत कराया गया था। अभियुक्त कपिल उपरोक्त चोरी की मोटरसाइकिल को पुलिस से बचने के लिये फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर चला रहा था।

अभियुक्त का विवरण--

1. कपिल पुत्र भीमराज निवासी ग्राम सरकपुर, थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर।

आपराधिक इतिहास का विवरण--

1. मु0अ0स0 78/2022 धारा 379 भादवि थाना सिम्भावली, जिला हापुड़।
2. मु0अ0सं0 444/2023 धारा 411/482 भादवि थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।

बरामदगी का विवरण--

1. एक मोटरसाइकिल स्पलेंडर नम्बर यूपी 37 एन 6093 चोरी की मु0अ0सं0 78/2022 धारा 379 भादवि थाना सिम्भावली, जिला हापुड़ से सम्बन्धित
2. एक फर्जी नम्बर प्लेट नं0 यूपी 16 सीक्यू 5332